Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार **सच का साथी** दिनांक 13-02-2022 अंक 140

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## विषपान से महिला गंभीर, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत हजारीधमना निवासी प्रीति देवी उम्र 28 वर्ष पति अरविंद कुमार सिंह ने घरेलू विवाद में आकर विषपान कर लिया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## बोलेरो के चपेट में आने से युवक घायल, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना अंतर्गत बरहीडीह निवासी आर्यन कुमार उम्र 15 वर्ष पिता कैलाश पासवन अपने बाइक से सवार होकर बरही की और आ रहा था। इसी क्रम में युवराज रेस्टॉरेन्ट के समीप बोलेरो ने उसे अपने चपेट में ले लिया। आस पास के ग्रामीणों ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## रूपेश को इंसाफ दो – 2

दर्द हिं दर्द चिल्ला रही है
चिराग़ के बदले चिराग़ दो
कहाँ खो गयी खुशियां माँ की
कहे हर बतिया रो–रो
शर्मसार सत्ता पे हो
एक ट्वीट ना करते वो
लगाम लगा दो शासन पे
तब बैठो मुहिम आसन पे
राज्यव्यवस्था त्रास कर दिए
अपराधी को खास कर लिए
सब्र तोड़ के अंत का
अंज़ाम इसका साफ़ दो
एक आग़ाज़, एक आवाज़
रूपेश को इंसाफ दो !

वक्त ना समझे मजबूरी
कितनों से ये लड़ गया
एक बुढ़ापे का सहारा
इससे भी ये बढ़ गया
कैद हो गया सीने में लल्ला
नज़र से कर दिया जो अकेला
हित में नेता, लोग बनाये
हित में क्यों ना काम आए
कानून का ना डर कराते
और ख़ुदको फिर बलिष्ठ बताते
हर गूंज की एक हिं बोल
क़ातिल का तुम जवाब दो
एक आग़ाज़, एक आवाज़
रूपेश को इंसाफ दो !

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

**महालक्ष्मी फर्नीचर**

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन





ATM ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

# तिलैया रोड हनुमान मंदिर की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने किया खंडित, आरोपी सीसीटीवी कैमरा में कैद

## आक्रोशित सनातन धर्मावलंबियों ने किया बरही चौक जाम, 24 घण्टे में आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद हटा जाम

### जबरन दुकान बंद कराने व मारपीट का आरोप लगा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी किया धनबाद रोड जाम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक को जाम करते आक्रोशित भीड़



इसी मूर्ति को किया गया है खंडित



बरही चौक पर जमाकर्ताओं को समझाते पूर्व विधायक मनोज यादव

तिलैया रोड बरही में इंडियन बैंक के पास स्थित बजरंग बली मंदिर में स्थापित भगवान हनुमान जी मूर्ति को एक असामा. जिक युवक ने तोड़कर खंडित कर दिया। घटना शनिवार रात सवा नौ बजे की बताई जा रही है। बैंक भवन मालिक राजेश केशरी जब चरण स्पर्श के लिए 10 बजे रात पहुंचे तब उन्होंने देखा कि मूर्ति खंडित है। उन्होंने स्थानीय समाजिक कार्यकर्ताओं एवं बरही पुलिस को सूचना दिया। देर रात पुलिस प्रशासन पहुंची और क्षेत्र को अपने कब्जे में ली। सुबह होते ही यह घटना आग की तरह फैल गयी। सैकड़ो की संख्या में लोग जमा हुए और दोषी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। मौके पर लोगों ने कुछ समय के लिए तिलैया रोड जाम कर दिया। सूचना पर बरही थाना प्रभारी इंसपेक्टर नीरज सिंह, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, सामाजिक कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा रमेश ठाकुर, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, युवा सामा. जिक कार्यकर्ता रितेश गुप्ता, सुबोध केशरी, विमलेश कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

**बरही चौक एवं बाजार दुकान सभी रहे बंद :** घटना के विरोध में बरही में वैसे तो अधिकांश दुकान स्वतः बंद कर दिया गया। 2 बजे अपराह्न तक बंद रहे। वही कुछ लोगों की दुकानें आग्रह पूर्वक बंद कराए गए। बंद कराने के दौरान मुस्लिम समुदाय के दुकानदारों ने आरोप लगाया कि उनके समुदाय के दुकानदारों को जबरन बंद करवाकर मारपीट किया गया। मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी की मांग पर मुस्लिम समुदाय के सैकड़ो लोग बरही अनुमंडलीय अस्पताल के समीप सड़क जाम कर दिया और जमकर नारे लगाए गए। यह भी आरोप लगाया गया कि हज़ारीबाग़ रोड में उनके धार्मिक झंडे को जला दिया गया। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुनि उत्तम तिवारी, पुनि नीरज सिंह पहुंच कर कार्रवाई का आश्वासन दिए। उसके बाद जाम हटा लिया गया।

**बरही चौक भी दो घण्टा रहा जाम :** प्रशासन के द्वारा स्पष्ट आश्वासन नही मिलने से नाराज सनातन समाज से जुड़े लोगों ने फिर बरही चौक जाम कर मूर्ति खंडित करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जमकर जयश्री राम का नारा लगाने लगे। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव घटना स्थल पहुंचे और दोषी की गिरफ्तारी की मांग को जायज ठहराते हुए प्रशासन से बात की। प्रशासन ने 24 घण्टे के अंदर दोषी को चिन्हित कर गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद बरही चौक से जाम हटा लिया गया। उसके बाद बरही सामान्य हो गया। मामले को शांत कराने में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, सांसद प्रति. निधि अर्जुन साव युवा नेता रितेश गुप्ता, रंजीत चंद्रवंशी, कृष्णा यादव, सुबोध केशरी, गुरुदेव गुप्ता, संतोष निषाद, पवन केशरी, कृष्णा कुमार गुप्ता, मनितोष कुमार यादव, विक्की सिंह सहित पुलिस पदा. धिकारी पुनि रोहित सिंह, ललित कुमार, उत्तम तिवारी आदि ने सहयोग किया।

**आरोपी सीसीटीवी कैमरा में कैदरू** तिलैया रोड इंडियन बैंक के पास स्थित हनुमान मंदिर में स्थापित मूर्ति को खंडित करने वाले आरोपी की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है। कैमरा में दिख रहा है कि एक युवक मोबाइल पर बात करते हुए हनुमान मंदिर के पास आता है। अपना चप्पल खोलता है। एक पत्थर उठाता है और गेट खोलकर पत्थर से मारकर चलते बनता है। वह काला रंग का ट्राउज़र एवं टीसर्ट पहने हुए दिख रहा है। पुलिस आरोपी की शिनाख्त कर रही है।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अपेम लाइव में छपी खबर का असर : मलेशिया में फंसे मजदूरों के मामले में शिक्षा मंत्री ने लिया संज्ञान

### ट्वीट कर मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए श्रम मंत्री एवं प्रवासी नियंत्रण कक्ष से की अपील

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

हजारीबाग, गिरिडीह तथा बोकारो जिले के विभिन्न प्रखंडों के 30 मजदूरों के मलेशिया में फंसने के बाद अपेम लाइव में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने संज्ञान लिया है। ट्विटर पर उन्होंने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को टैग करते हुए ट्वीट किया है कि यह हमारे लिए एक और गंभीर मामला है। हमारे सभी झारखंडी भाइयों के सकुशल देश वापसी हेतु आपकी सहायता की दरकार है। इसके अलावा ट्विटर पर उन्होने झारखंड प्रवासी नियंत्रण कक्ष को भी टैग करते हुए कहा है कि उनसे संपर्क करें, जिससे उन्हें संतोष हो। डुमरी के युवा समाजसेवी सुनील कुमार महतो ने इस मामले पर शिक्षा मंत्री समेत मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्री व विधायकों का ध्यान आकृष्ट कराया है। इधर, मलेशिया में मजदूरों के फंसने के बाद उनके परिजन भी काफी चिंतित हैं। परिजनों ने भी सरकार से मामले में हस्तक्षेप करते हुए शीघ्र वापसी कराने की गुहार लगाई है। फंसे मजदूर हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड, बोकारो जिला के गोमियां प्रखंड, नावाडीह प्रखंड, गिरिडीह जिला के बगोदर प्रखंड तथा डुमरी प्रखंड के रहने वाले हैं। बता दें कि सभी मजदूर लीडमा. स्टर इंजिनियरींग एंड कंस्ट्रक्शन के साथ तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर 2019 से क्वालालम्पुर के बेंटोंग में कार्यरत थे। बीते 30 जनवरी को तीन साल के एग्रीमेंट वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद कंपनी चार महीने की सैलरी मजदूरों को नहीं दे रही है। वीजा अवधि भी समाप्त होने से मजदूर पुलिस की नजरों से छिपकर रह रहे हैं। मज. दूरो ने सोशल मीडिया में विडियो संदेश के जरिए भारत व राज्य सरकार से वतन वापसी कराने की गुहार लगाई है।



Jagarnath Mahto @Jagarnathji_mla · 23m
आदरणीय मंत्री श्री @BhoktaSatyanand जी ,यह हमारे लिए एक और गंभीर मामला है। हमारे सभी झारखंडी भाइयों के सकुशल देश वापसी हेतु आपकी सहायता की दरकार है। @migrantcell_JH कृपया उनसे संपर्क करें जिससे कि उन्हें संतोष हो।

Sunil Mahto @tigersunilraj12 · 33m
माननीय शिक्षामंत्री महोदय जी
@Jagarnathji_mla
हजारीबाग बोकारो तथा गिरिडीह जिले के रहने वाले हैं मलेशिया में फंसे झारखंड के 30 मजदूर ने सोशल मीडिया में वीडियो संदेश जारी कर सरकार से वतन वापसी कराने...

**अफ्रीकी देश माली के बाद अब मलेशिया में फंसे झारखंड के 30 मजदूर**

**सोशल मीडिया के जरिए मजदूरों ने सरकार से लगाई वापसी की गुहार**

अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी

अफ्रीकी देश माली में मजदूरों के 33 मजदूरों के फंसने के बाद काफी जिद्दोजहद से उनकी वतन वापसी का सिलसिला अभी खत्म भी नहीं हुआ है कि एक बार फिर विदेशी धरती पर झारखंड के 30 मजदूरों के फंसने का नया मामला सामने आ गया है। इस बार मजदूर मलेशिया में फंस गए हैं। सभी मजदूर हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह जिले के रहने वाले हैं। फंसे सभी मज. दूरों ने सोशल मीडिया में वीडियो संदेश जारी कर सरकार से वतन वापसी कराने की गुहार लगाई है। वीडियो संदेश में मजदूरों ने कहा है कि सभी मजदूर लीडमास्टर इंजिनियरींग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचडी के साथ तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर 30 जनवरी 2019 को काम करने मलेशिया गए थे। वहां मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर के बेंटोंग में कार्यरत थे। बीते 30 जनवरी को तीन साल के एग्रीमेंट वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है। बीते चार माह का वेतन भी बकाया है। कंपनी बकाया वेतन देने में आनाकानी कर रही है। इधर, वीजा अवधि भी समाप्त होने से मजदूर पुलिस की नजरों से छिपकर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। मजदूरों ने कंपनी से बकाया वेतन दिलाने तथा सकुशल वतन वापसी की गुहार भारत व राज्य सरकार से लगाई है। प्रवासी मज. दूरसेवी सिकंदर अली कहते हैं कि इलाके के गरीब मजदूर दलालों के चक्कर में पड़कर विदेशों में फंस जाते हैं। पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं। इस पर सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। फंसे मजदूरों में हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड जगलाल महतो (चानो), गोविन्द महतो (चानो), चेतलाल महतो (चानो), भुनेश्वर महतो (चानो), मनोज महतो (चानो), लीलो महतो (मंगरो), सुरेश महतो (रखवा), गिरधारी कुमार महतो (गेलवारा), प्रकाश तिलेश्वर महतो (सपमरवा), प्रदीप कुमार महतो (टुटकी), बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड के रोहित महतो (तिसकोपी), प्रेमलाल महतो (तिसकोपी), दशरथ महतो (तिसकोपी), केशु महतो (तिसकोपी), बासुदेव महतो (तिसकोपी), विश्वनाथ महतो (तिसकोपी), पुनीत महतो (बडकी सीधाबारा), प्रेमचंद महतो (छोटकी सीधाबारा), टुकमन महतो (चिलगो), बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के दुलारचंद महतो (महुवाटांड), भुनेश्वर कमार (महुवाटांड), झरी कमार (महुवाटांड) गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के बिनोद कुमार महतो (खेतको), बासुदेव महतो (खेतको), रामेश्वर महतो (खेतको), बुधन महतो (खेतको), गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के बुधदेव प्रसाद (मंगलुअहरा), देवानंद महतो (सेवाटांड), बिनोद महतो (घुटवानी) शामिल हैं।

मजदूरों की वापसी को लेकर शिक्षा मंत्री का ट्वीट

## बरही का सामाजिक सदभाव बिगाड़ने वाले उपद्रवी तत्वों से सख्ती से निबटेगा प्रशासन : एसपी

### बरही अनुमंडल में धारा 144 लागू, किसी तरह की जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा : डीसी

### रूपेश हत्याकांड के बाद चार एफआईआर, डीसी एसपी ने की बरही थाना में प्रेस वार्ता, शांति की अपील




बरही थाना में प्रेस वार्ता करते एसपी एवं डीसी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पिछले छह फरवरी को हुए रूपेश हत्याकांड के बाद बरही के बिगड़ते माहौल के को देखते हुए पुलिस प्रशासन उपद्रवी तत्वों से सख्ती से निबटेगा। धारा 144 लागू रहने के बाद भी रोड जाम करने एवम जुलुश निकालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें बरही थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में हज़ारीबाग़ एसपी मनोज रत्न चौथे ने कही। प्रेस को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि रूपेश हत्याकांड में म०ब लीचिंग का कोई मामला जांच में अब तक नही आया है। पांच लोग ही घटना को अंजाम दिए थे। उन सबकी गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य लोग यदि किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष तरीके से उनकी संलिप्ता पाई जायेगी तो उनकी भी गिरफ्तारी होगी। एसपी श्री चौथे ने कहा कि रूपेश हत्याकांड के बाद उपद्रवी तत्वों के द्वारा लगातार बरही एवं उसके आस पास का माहौल बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। ऐसे उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ न केवल एफआईआर दर्ज की जा रही है। बल्कि स्पीड ट्रायल भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूपेश हत्याकांड एवं उसके बाद कि जो घटनाएं घटी है। उसके लिए बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में सात सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। अब तक जितने भी एफआईआर की गई उन सभी का सुपरविजन बड़कागांव के एसडीपीओ अमित कुमार सिंह करेंगे। बताया कि अब तक अलग अलग चार प्राथ. मिकी दर्ज कराई गई है। आगजनी एवं तोड़ फोड़ के मामले में 85 पर प्राथ. मिकी दर्जरू

रूपेश हत्याकांड के बाद आक्रोशित भीड़ के द्वारा दुलमहा गांव में कुछ घरों एवं वाहनों में आग लगा दी गई थी। इस मामले में एक पीड़ित के ब्यान पर 85 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वही अज्ञात 200 लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया है। वही करियातपुर में तीन दुकान जलाने के मामले में मो कबीर के बयान पर अज्ञात लोगों का खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक एफआईआर दुलमहा में तैनात दंडाधिकारी के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी काम मे बाधा डालने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मूर्ति विखंडित मामले में की जा रही है जांच जल्द होगी आरोपी की गिरफ्तारीरू एसपी मनोज रतन चौथे ने तिलैया रोड स्थित हनुमान मंदिर में मूर्ति विखंडित करने के मामले में कहा कि आरा. ेपी की पहचान की जा रही है।सीसीटीवी में आरा. ेपी का चेहरा कैद हो गया है। उसकी जांच की जा रही है।। जल्द आरोपी की गिरफ्तारी होगी। लेकिन इस मुद्दे को लेकर रोड जाम करने, हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ भी प्रा. थमिकी दर्ज की जाएगी। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल के समीप भी जाम लगाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि कुछ लोग बाहरी वीडियो को रूपेश हत्याकांड से जोड़कर वायरल कर रहे हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

बरही अनुमंडल में धारा 144 है लागूरू डीसी

बरही थाना में प्रेस वार्ता करते हुए डीसी आदित्य आनद ने कहा कि असमा. जिक एवं उपद्रवी तत्वो पर प्रशासन विशेष निगाह रखी हुई है। उन्हें चिन्हित की जा रही है। धारा 144 बरही अनुमंडल में लगा दिया गया है। निषेधाज्ञा तोड़ने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। सदर हज़ारीबाग़ में भी धारा 144 लगाने पर विचार किया जा रहा है।

एसपी एवं डीसी ने बरही सहित सम्पूर्ण जिलेवासियों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

## गाल्होबार तथा खरकी मवि को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




मंत्री जगरनाथ महतो से मुलाकात करते प्रतिनिधिमंडल

विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होबार राजकीय मध्य विद्यालय और खरकी राजकीय मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग को लेकर रविवार को समाजसेवी राजेंद्र मंडल, गाल्होवार पंचायत मुखिया रीतलाल महतो, अधिवक्ता गजाधर महतो, सहायक शिक्षक भेखलाल महतो, शिक्षक खेमनारायण महतो आदि ने शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार जगरनाथ महतो जी से मुलाकात कर ज्ञापन सा. ैंपा। मंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय गाल्होबार और खरकी राजकीय मध्य विद्यालय सुदूरवर्ती क्षेत्र का सबसे पुराने विद्यालयों में से एक है। विद्यालय पंजी रिकॉर्ड के अनुसार इसकी स्थापना ब्रिटिश काल में 1939 ई. में हुई थी। सम्प्रति इस विद्यालय में 600 नामांकित छात्र-छात्राएं नियुक्त हैं। उच्च प्राथमिक वर्ग 06 वर्ग 08 तक में 350 से भी अधिक विद्यार्थी नामांकित हैं। इस विद्यालय में गाल्होबार के अतिरिक्त कई गांवों खरकी, जोबर, बलकमक्का, सिमरबेडा, टंडवा, तिलैया, डुबका, दोम. ुहान, केन्दुवाड़ीह आदि गांवो के छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इधर, 15 किलोमीटर दूरी के अंतर्गत एक भी उच्च विद्यालय नहीं है। इससे विद्यालय से उतीर्ण विद्यार्थियों विशेषकर इन क्षेत्रों की छात्राओं को लंबी दूरी तय कर जाने आने में कई प्रकार की परेशानियों की सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने गाल्होबार तथा खरकी के विद्यालयों को जल्द से जल्द उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग की है।

## शांति एवं सौहार्द स्थापित करने को लेकर निकला फ्लैग मार्च, चारो मार्गो में किया भ्रमण



फ्लैग मार्च में शामिल एसडीओ एवं एसडीपीओ सहित पुलिस बल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में बिगड़ते हालात को देखते हुए प्रशासन शांति एवं सौहार्द स्थापित करने को लेकर लगातार प्रयासरत है। किसी भी अनहोनी घटना से निबटने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। रविवार देर शाम बरही एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर एवं बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग. मार्च निकाला गया। सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया गया। मार्च बरही थाना से निकलकर बरही चौक पहुंचा। उसके बाद हज़ारीबाग़ रोड, तिलैया रोड, गया रोड एवं धनबाद रोड का भ्रमण कर नई टांड पहुंचा। उसके आस पास पैदल मार्च कर अमन शांति का पैगाम दिया। इस दौरान सीओ के द्वारा माइकिंग कर शांति बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, इंस्पेक्टर नीरज सिंह, रोहित सिंह, उत्तम तिवारी, ललित कुमार, सिकन्दर सिंह, विकास कुमार, दिनेश कुमार, अनुज उरांव,सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान सहित सैकड़ों पुलिस बल मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सहारा इंडिया के कार्यकर्ता बड़कागाँव विधायक से मिले,रखी भुगतान की समस्या

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव :सहारा इंडिया के कार्यकर्ताओं ने रविवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौपा, एवं सहारा इंडिया तथा सेबी प्रकरण में कार्यकर्ताओं के समक्ष उत्पन्न हो रही राशि भुगतान समस्याओं से अवगत कराया गया । लोगों ने विधायक से मामले को राज्य एवं केंद सरकार तक पहुँचाते हुवे संस्था को न्याय दिलाने की मांग किया है।ज्ञापन में कहा गया है कि आठ वर्ष पूर्व सहारा सेबी विवाद की वजह से पूरे देश के लगभग बारह लाख से भी अधिक कार्यकर्ता भुखमरी के कगार पर आ गए है।जबकि दूसरी तरफ जमाकर्ताओं के भुगतान में भी विलंब की स्थिति उतपन्न होने लगी है।कार्यकर्ताओं ने कहा की सेबी के पास सहारा इंडिया


विधायक अंबा प्रसाद को आवेदन सौंपते सहारा कार्यकर्ता

का लगभग 24000 चौबीस हज़ार करोड़ रुपया फंसा हुआ है ।जिससे जमा. कर्ताओं को समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है।परिणामस्वरूप कार्यकर्ताओं को नया व्यवसाय नहीं मिलने से आमदनी खत्म हो गयी है।मौके पर बड़कागाँव के शाखा प्रबंधक अजय पोद्दार एवं हजारीबाग शाखा के सेक्टर प्रमुख रंजीत कुमार सिंह, ज्ञानी कुमार,अरुण रंजन,आलोक कुमार,अशोक साव, तापेश्वर नाथ साव,महाबीर कुमार,सतेन्द्र कुमार सिंह,अर्चना तिवारी,बिनोद कुमार सोनी,किशोर कुमार सोनी,शंकर महतो,कुलदीप महतो,भेखलाल राणा,शिवम कुमार,शंकर महतो,नागेश्वर प्रसाद गुप्ता,सुरेश साव,अशोक कुमार,रोहित कुमार,सकेन्द्र कुमार, समेत सहारा परिवार के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माली से तीसरे समूह में 10 मजदूर कल लौटेंगे

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

अफ्रीकी देश माली मे फंसे 33 मजदूरों की क्रमवार वापसी के तीसरे समूह में 10 मजदूर मंगलवार को घर लौटेंगे। इसके पूर्व दो समूहों में क्रमशः छह तथा सात मजदूरों की वापसी हो चुकी है। मंगलवार को लौटने वाले मजदूरों में विष्णुगढ़ प्रखंड के उच्चाघाना निवासी सुकर महतो, नंदलाल महतो, संदीप महतो, तिलक महतो, सुनील महतो, महतोइया निवासी जीवाधन महतो, मड़मो निवासी त्रिलोकी महतो के अलावा गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के कसमाकुरा निवासी सहदेव महतो, सरिया प्रखंड के खुटा घटवाबांध निवासी गोपाल महतो तथा श्रीरामडीह के संतोष महतो शामिल हैं। सभी मजदूर कल दोपहर 12.45 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट से रांची स्थित


भारत वापसी के लिए लौटने वाले मजदूर

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरेंगे। शेष अन्य 10 मजदूरों की वापसी 19 फरवरी को होने की संभावना है। बता दें कि हजारीबाग, गिरिडीह तथा बोकारो जिला के विभिन्न प्रखंडों के 33 मजदूर ट्रांसमिशन लाइन का काम करने माली गए थे। वे केएंडपी कंपनी में शिकासो से बमाको के बीच ट्रांसमिशन लाइन के इलेक्ट्रिफिकेशन काम में जुटे थे। आठ महीने काम की सैलरी मिलने के बाद आगे साढ़े तीन माह की सैलरी नहीं मिलने से मजदूर परेशानी में थे। मजदूरों द्वारा सोशल मीडिया के जरिए उठाए गए आवाज से परेशानी को समझते हुए राज्य सरकार एवं भारत सरकार के संयुक्त प्रयासों से माली स्थित भारतीय दूतावास की मध्यस्थता में समझौता कराया गया। जिसमें कंपनी प्रबंधन एवं मजदूरों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस समझौते से मजदूरों को सैलरी भी मिली और सभी की वतन वापसी भी सुनिश्चित कराई गई। फोटो- भारत वापसी के लिए लौटने वाले मजदूर

## डेंटल साइंसेज कॉलेज अश्वफ एंड हॉस्पिटल डेमोटांड के द्वारा जांच शिविर का आयोजन टूथपेस्ट, दवाई, का वितरण

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : इंटर नेशनल ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन डे के अवसर पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल डेमोटांड के द्वारा प्रखंड के सांढ़ पंचायत के दुर्गा मंदिर प्रांगण में एक स्क्रीनिंग उपचार दंत शिविर का आयोजन किया गया। लगभग 400 सौ रोगियों की जांच किया गया । जिसमें लगभग 100 दंत रोगियों को इलाज कर मुक्त में टूथपेस्ट व दवाई, कैलेंडर वितरण किया गया। शिविर में ड०. श्रीदेवी भोई, डॉ. अरुणदत्ती सिंह, डॉ. शिल्पी चटर्जी , अमन कुमार डे, शौविक घोष, अंबिका



सुदर्शन, सन्ना शमोइल, बिंगशती मंडल ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमार दास, धीरेंजन कुनार रवि, ममता कुनारी प्रभारी मुखिया कैलाश महतो, वार्ड सदस्य आनन्द कुमार पासवान ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

## हिजाब गर्ल मुस्कान नाम से वायरल की जा रही मेरी तस्वीर बीजेपी की साजिश-विधायक अंबा

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

कर्नाटक के हिजाब मामले की कड़ी में एक फोटो तेजी से वायरल हो रहा है। इस फोटो में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और राहुल गांधी एक साथ नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस फोटो को वायरल कर आरोप लगाया है कि यह लड़की कर्नाटक में हिजाब पहने प्रदर्शनकारियों का प्रतिवाद करने वाली मुस्कान खान है। इस पर टिपन्नी करते हुए झारखंड के बड़कागांव विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने बताया है कि वह मुस्कान खान नहीं बल्कि मेरी आदरणीय राहुल गांधी जी से मुलाकात के दौरान की


राहुल गांधी से मुलाकात करते विधायक अंबा प्रसाद की तस्वीर

फोटो हैद्य उन्होंने इस सं. बंध में कहा कि बीते 8 फरवरी को झारखंड के सभी सांसदों, विधायकों तथा कांग्रेस के नेता दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात थी और वायरल किए जा रहे तस्वीर उसी दिन की हैद्यअंबा प्रसाद ने कहा कि वायरल किए जा रहे तस्वीर के पीछे की साजिश बीजेपी आईटी सेल द्वारा रची गई हैद्य मेरी फोटो को वायरल करके कर्नाटक की हिजाब गर्ल बता कर कलह फैलाने की कोशिश की जा रही हैद्य उन्होंने कहा कि हमारी कांग्रेस पार्टी में सब को सम्मान और अधिकार है चाहे वह भगवा वस्त्र हो या हिजाबद्य वही विधायक अंबा प्रसाद ने झारखंड पुलिस से निवेदन किया है कि ऐसे फेंक कमेंट करने वाले ट्वीट पर कार्रवाई करेंद्य

## जन संग्रह धन संग्रह कार्यक्रम को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : जन संग्रह- धन संग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता में बादम में उनके आवास में बैठक किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 7 मार्च 31 मार्च तक चलने वाले जन संग्राह- धन संग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंथन किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा चलाए जाने वाले इस कार्यक्रम को हम लोगों को जी तोड़ मेहनत कर सफल



बनाना है यह कार्यक्रम में एक लाख सक्रिय सदस्य एवं 10 लाख साधारण सदस्य बनाने का लक्ष्य है। जिसमें अकेले बड़कागांव प्रखंड से 10000 सदस्य बनाया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सुरेश गिरी, अनुसूचित जाति के जिला महासचिव नागेश्वर तुरी, अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष कुलेश्वर राम, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, राजा खान, सुरेश कुमार दांगी, भीमदेव प्रसाद सहित अन्य मौके पर मौजूद थे।

## शेख भिखारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में पांडेडीह बनी विजेता

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

शेख भिखारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। खिताब के दो प्रबल दावेदारों में बगोदर और पांडेडीह की टीम मैदान में उतरी। मैच के निर्धारित आठ ओवरों में पांडेडीह की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 119 रन का स्कोर खड़ा किया। दूसरे सत्र में जबाबी बल्लेबाजी करते हुए बगोदर की टीम ने भी अंतिम क्षणों में 119 रन बना लिए। दोनों टीमों द्वारा बराबर रन बनाने पर मैच टाई हो गया। निर्णायक मंडली के विचार विमर्श के बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से कराने पर सहमति बनी। जिसमें दोनों टीमों को एक-एक ओवर दिया गया। जिसमें बगोदर की टीम ने दो विकेट के नुकसान पर कुल 19 रन


शेख भिखारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की टीमों के साथ अतिथि व गणमान्य

बनाए। वहीं, पांडेडीह की टीम ने एक ओवर में शानदार 24 रन बनाकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब शेख़ एहसान को दिया गया। वहीं, मोहम्मद सैफ मैन अ०फ द सीरीज चुने गए। मुख्य अतिथि बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्र०फी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। दोनों बधाई के पात्र हैं। कहा कि टूर्नामेंट अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। उन्होने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर झामुमो नेता महताब हुसैन, उपमुखिया जलील अंसारी, समाजसेवी आनंद हलचल, शेख मोकिम, शेख शाहिद, शेख अकबर, शेख इम्तियाज, शेख राजा, कासिफ सिद्दीकी, गुलाब सिद्दीकी, अनिल पांडेय, रविराज पांडेय, शेख फैजन, रविन्द्र यादव, मुकेश पांडेय, सुनील पांडेय, मोनू यादव, शेख शकील, शेख एकराज, शेख शोएब समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शिक्षक पुत्र शुभम राज ने नेवी की परीक्षा की उतीर्ण गांव में हर्ष, लगा बधाईयों का तांता

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखंड अंतर्गत इगुनियां गांव के युवा शुभम राज ने नेवी के एसएसआर पद की पात्रता हासिल कर ली है। उसने यह महत्वपूर्ण सफलता अपने पहले प्रयास में ही हासिल की है। शुभम राज वरीय शिक्षक शिव कुमार सिंह के पुत्र हैं। इस बात की जानक. ारी देते हुए उनके चाचा कौशल सिंह ने बताया कि शुभम राज बचपन से काफी मेधावी था । उसने स्थानीय मुनम स्कूल से आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद देवघर से 10वीं तथा 12वीं की पढ़ाई की। वह लगातार अपने पिता के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता रहा। परंतु देश से अत्यधिक लगाव के कारण उसने भारतीय सेना में ही जाने का लक्ष्य रखा था। ऐसे में नेवी में अंतिम रूप से चयनित होने की घोषणा सूचना आते ही पूरे गांव में हर्ष का माहौल उत्पन्न हो गया । दरअसल उक्त गांव से नेवी में अभी तक एक भी भर्ती नहीं हुई थी। ऐसे में लोगों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की है। शिक्षक पिता शिव कुमार सिंह ने बताया कि निरंतर मार्गदर्शन और पढ़ाई से ही सफलता हासिल हुई है। वही शुभम ने बताया कि देश सेवा ही पहला और अंतिम लक्ष्य है। इसी भावना से ओतप्रोत होकर नेवी में शामिल हो रहा हूं। उनकी सफलता पर दादा रामवृक्ष सिंह, चाचा कौशल सिंह, राम लगन गुरु , अर. विंद सिंह, किशोर सिंह ,प्रकाश सिंह सहित पूरे गांव के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रखंड भर में एक दिवसीय जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के तत्वधान में किया गया। जिसमें युवाओं को मुख्य रूप से चार विषय जल संरक्षण, योग, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर जानकारियाँ दी गई। प्रत्येक विषय के लिए अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि माननीय श्री टुकेश्वर प्रसाद जिला परिषद सदस्य बड़कागांव एवं उप मुखिया जयहिंद कुमार, पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, श्री तारकेश्वर प्रसाद एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बचनदेव कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जीप सदस्य श्री टुकेश्वर प्रसाद एवं संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बचनदेव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि तारकेश्वर प्रसाद ने युवाओं को मार्गदर्शन करते हुए जल संरक्षण के बारे में जानकारियां दी। पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए युवाओं को प्रशिक्षित किया। जबकि पूर्व उपमुखिया जयहिंद कुमार ने डिजिटल इंडिया के अनेक लाभकारी योजनायों के बारे में जानकारी दी। साथ ही नंदकिशोर कुमार ने आत्मनिर्भर भारत के रूप में युवाओं को जागरूक किया। मौके पर युवाओं ने भी अपनी ओर से इन विषयों पर अपने विचारों को एक दूसरे से साझा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बचनदेव कुमार, रविकांत कुमार, प्रमोद कुमार, जयहिंद कुमार, तारकेश्वर कुमार, बाबूलाल कुमार, कार्तिक देव महतो, पंचम कुमार, रंजन कुमार, तालेश्वर महतो, भोला महतो, नंदकिशोर कुमार, सिकंदर महतो, चितरंजन कुमार, रविंद्र महतो, प्रवीण कुमार भार्गव, ननकू महतो, रैकर किशोर, अजय कुमार, विनोद कुशवाहा, निखिल कुमार, सुकेश कुमार, राहुल कुमार, दीपेश कुमार, लखन कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, कुलदीप कुमार, विष्णुदयाल महतो, गौतम कुमार, जनार्दन कुमार, ब्रजेश कुमार, विनय कुमार, जयपाल कुमार, तपेश्वर कुमार, शैलेंद्र कुमार, नवीन कुमार, हरिनंदन कुमार आदि सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर और हाईवा में टक्कर ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बचा।

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

हजारीबाग मार्ग स्थित टीपी 5 के आगे ट्रैक्टर एवं कोयला लदा हाईवा में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें ट्रैक्टर बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर बरवाडीह गांव का एवं हाईवा हजारीबाग का था। दोनों वाहन के मा. लिकों की आपकी सूझ बुझ से वाहन की मरम्मत करा देने की शर्त पर मामले का समाधान कर लिया गया।




## बक्चुम्बा में सोशल मीडिया में गलत पोस्ट न करने को लेकर प्रशासान ने किया बैठक

### सोसल मीडिया का सदुपयोग करें दुरुपयोग नहीं : बी डी ओ

### सोसल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज करने वालो पर पुलिस की है पैनी नजर : थाना प्रभारी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : रविवार को राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकचुंबा में बी डी ओ हुलास महतो एवं राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान की नेतृत्व में शांति समिति की एक बैठक किया गया।बैठक में हिंदू मुस्लिम और पूरा समाज के लोगो ने सपथ लिया कि आपसी प्रेम बनाए रखने की बात कही। विकास पासवान ने दोनो समुदायों के युवाओं को जागरूक करते हुए कहा की किसी भी अपवाह पर ध्यान दें तथा सोशल मीडिया पर गलत मैसेज पोस्ट करने वालो पर जिला पुलिस की पैनी नजर है।वही सोसल मीडिया पर ध्यान न देने की बात कही।वही बी डी ओ हुलास महतो ने दोनों समुदायों से कहा कि सोशल मीडिया का सदुपयोग करें दुरुपयोग नहीं।समसुद्दीन अंसारी ने कहा कि हम आपस में दोनो समुदाय मिल कर रहे।अब्दुल रसीद ने कहा कि बारह से अठ्ठारह वर्ष के युवाओं से एंड्रoइड मोबाइल को दूर रखें ताकि गलत मैसेज पोस्ट न हो और समाज मे शांति बना रहे। दोनो समुदायों ने सपथ लिया कि हम बक्चुम्बा के ग्रामीण दोनो समुदाय के लोग सपथ लेते हैं कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज नहीं करेंगे और ना ही भड़काऊ मैसेज पड़ेंगे।यदि कोई गलत मैसेज सोसल मीडिया पर डालेगा उसकी जानकारी प्रशासन को देंगे।मौके पर पोखन दाँगी,बद्री दाँगी,मो. सद्दाम,मो.सलीम अजय सिंह सहित दोनो समुदाय के दजनो लोग शामिल थे।

## नापोखुर्द मुखिया सोनी देवी ने जरूरतमंद 50 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



नापोखुर्द पंचायत में मुखिया सोनी देवी द्वारा ओएनजीसी की संयुक्त कम्पनी प्रभा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्राप्त 50 कम्बल का वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंद लोग काफी खुश नजर आए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जगतनन्दन प्र गुप्ता, चन्द्रिका कु साव, कमल क्लब अध्यक्ष भीमसेन कु साव, वार्ड सदस्य जैकब्स सोरेन, मुकेश ठाकुर, उमेश सोरेन, संजय ठाकुर , किशोर हांसदा, तालों सोरेन , राजन सा. `रेन, फागु मांझी , रामलाल उरांव, जागो एक्का, भीमा करमाली समेत सैकड़ों लोग उप.

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## बड़कागांव में 24 फरवरी को शबरी जयंती मनाने को लेकर भुइया समाज की हुई बैठक।

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग।

अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक बड़कागांव हाई स्कूल मैदान के प्रांगण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखंड सचिव महावीर भुईयां ने किया। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के निर्देशानुसार प्रत्येक राज्य में 24 फरवरी को शबरी जयंती मनाना है।केंद्रीय कमेटी के आदेश अनुसार झारखंड , बिहार ,बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम एवं सभी प्रदेशों में 24 फरवरी के दिन भारत सरकार एवं सभी राज्य सरकार से अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति मांग करती है कि अवकाश छुट्टी घोषित किया जाए।और पहाड़ तोड़ बाबा पर्वत पुरुष स्वर्गीय दशरथ मांझी(भुईया ) को मरणोपरांत भारत रत्न देकर सम्मान दिया जाए। बड़कागांव में 24 फरवरी को पंकरी बरवाडीह में शबरी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ,प्रखंड सचिव महावीर, प्रखंड उपाध्यक्ष खेमलाल भुईयां, फूलचंद भुईया,संजय राम, प्रेम भुईयां,राजू कुमार, बैजनाथ भुईया,बासुदेव भुईया, रामवृक्ष भुईयां किन्नू भुईयां, गणेश भुइयां, फुलेश्वर भुईया, वित्तन भुईया अन्य उपस्थित थे




## घायल अवस्था मे लंगूर को देखा गया

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



सदर प्रखंड के बंदरकुप्पी चौक के पास एक लंगूर को देखा गया जो बहुत ही गंभीर अवस्था मे था।प्राप्त जानकारी से पता चलता है कि यह लंगूर पारसनाथ के जंगलों से भटक कर इधर आ पहुँच है।लंगूर को देखने से पता चलता है कि कोई इसे वेह. रमी से पीटा जिससे इसके माथे पर चोट का निशान है शरीर मे गंभीर चोट है ,पूंछ में भी चोट का निशान है जिसकी वजह से इसका तबियत काफी खराब है कुछ दुकानदार इसे खाने को दिया मगर लंगूर का तबियत खराब होने की वजह से कुछ खाया नही।स्थानीय लोगो ने इसे उपचार दिया लेकिन ठीक नही हुआ। इसके बाद इसकी जानकारी जंगल विभाग के कर्मचारी कल्लू आलम को दिया गया उन्होंने आकर देखा और तब इसकी जानकारी, अपने ऊपर के अधिकारी की सूचना दिया गया।मगर विभाग के द्वारा करवाई नही किया गया।अंत मे लंगूर घायल अवस्था मे जंगल की ओर भाग गया।उसका बचना मुश्किल है।

## बरकट्ठा में युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा (हजारीबाग) : दुलमुंहा बरही में घटित रूपेश कुमार पांडेय हत्याकांड के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल बरकट्ठा प्रखण्ड इकाई के युवाओं के नेतृत्व में रविवार को 5 बजे सन्ध्या कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में विधायक अमित कुमार यादव के अगुवाई में युवकों ने बरकट्ठा काली मंदिर से बरकट्ठा चौक, ब्ल०क चौक भ्रमण करते हुए बाजार टांड काली मंदिर परिसर में पहुंचा। जहां सभी ने 2 मिनट का मौन धारण कर हिंसक घटना में मारे गए रूपेश कुमार पांडेय के आत्मशांति के लिए प्रार्थना किए व कैंडल जलाए मौके पर राष्ट्र विरो. धियों का पुतला दहन किया गया । वहीं उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। इस बीच रुपेश पांडेय हत्याकांड को लेकर युवाओं में आक्रोश भी देखा गया। कार्यक्रम में ज्यादातर नवयुवक थे। कार्यक्रम में शामिल युवा लोग रूपेश कुमार पांडेय के हत्यारों को फांसी की मांग कर रहे थे। मौके,विहिप प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता,बरही प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता,जिला संयोजक प्रशांत सिंह, प्रखंड संयोजक बिनोद प्रसाद,टुकलाल नायक रामचंद्र चौधरी, पप्पू गुप्ता, रामजी मंडल, चंदन श्रीवास्तव, दीपक राणा, दीपक स्टार महाकाल, सुजीत मोदी,बिट्टू मोदी,पिंटू जी,प्रभात गुप्ता,सीके पांडेय,सुरेश पांडेय, सुमन गुप्ता, सिकन्दर यादव,विजय यादव,रितेश गुप्ता,कृष्णा प्रसाद,राकेश कुमार,सोनू कुमार,रिंकू कुमार समेत बड़ी संख्या मे युवक उपस्थित थे ।

## एसडीओ के नेतृत्व में छापेमारी में कई मेडिकल सील, एक को भेजा जेल

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**


मेडिकल दुकानों की जांच करते एसडीओ व अन्य

चंदवारा थाना क्षेत्र के ढाब थाम में शनिवार देर शाम को अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम द्वारा मेडिकल दुकानों में छापेमारी की गई। इस दौरान ढाब थाम गांव के एक मेडिकल दुकान में जांच टीम द्वारा दुकान संचालक से लाइसेंस के अलावे प्रैक्टिस किए जाने के संबंध में काग. जात प्रस्तुत करने को कहा गया। परन्तु दूकान संचालक द्वारा कागजात प्रस्तुत नही किया गया। जांच में दुकान से प्रति. बंधित दवा भी पाया गया। जिसे लेकर दुकान को शील कर दिया गया। छापेमारी को लेकर औषधि निरीक्षक अर्चना खलको ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी के टेलीफोनिक सूचना पर एक टीम ढाब थाम पहुंची जहां शशि भूषण कुमार द्वारा संचालित मेडिकल दुकान की जाँच की गई। शशि भूषण कुमार के द्वारा अपने आप को चिकित्सक बता कर अवैध रूप से क्ली. निक व दवा दुकान का संचालन किया जाता था। जाँच के क्रम में सैंपल की दवा और न०ट फ०र सेल की दवाएं पाई गई। जो औषधि एवं अंगराज अधिनियम 1940 व 1945 की धारा 22सी, 22सीसी (9), 65(18) का उल्लंघन है। उक्त धाराओं के अंतर्गत डीआई द्वारा अलग से अभियोजन चलाते हुए प्रतिवेदन समर्पित किया जाएगा। बताया जाता है कि छापेमारी के दौरान राज. कुमार दास साकिन ढाब के द्वारा सरकारी काम मे बाधा डालने की नीयत से जाँच टीम के साथ बदसलूकी व जानलेवा हमला भी किया गया। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, थाना प्रभारी अनिल सिंह, औषधि निरीक्षक अर्चना खलखो आदि शामिल थे। वहीं इस मामले में दुकान संचालक शशिभूषण कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शशिभूषण कुमार पर चंदवारा थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ग्रामीणों ने हेमंत सोरेन का फूंका पुतला

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड के ग्राम बेडमकी पंचायत खरगू में राजू पंडित एवं रघु यादव के नेतृत्व में रूपेश कुमार पांडेय हत्याकांड को लेकर हेमंत सोरेन का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चलकुशा प्रखंड के उप प्रमुख दुर्गा यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। और बेडमकी दुर्गा मंदिर के समक्ष हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया इस दौरान हेमंत सोरेन हाय –हाय हेमंत सोरेन मुर्दाबाद हेमंत सोरेन होश में आओ का नारा लगाया।और तमाम ग्रामीणों ने रूपेश कुमार पांडेय के हत्यारों को फांसी दो का नारा लगाते हुए फांसी की सजा की मांग की है। मौके पर फुलवा देवी, जिरवा देवी, सुनील पंडित, महेश पंडित, संजय यादव, संजय पंडित, पिंटू पंडित, जागेश्वर यादव, महेश यादव, पिंटू मोदी ,छोटू पंडित ,इतवारी पंडित, बुद्धन पंडित, महावीर पंडित, प्रसादी यादव, विनोद पंडित, बासुदेव पंडित, लालो पंडित, सुरेश पंडित एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता गिरीडीह स्टेडियम में हुआ आयोजन।

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




नेहरू युवा केन्द्र गिरिडीह (युवा कार्य एव खेल मंत्रालय ,भारत सरकार )द्वारा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता गिरिडीह स्टेडियम में शनिवार एव रविवार आयोजित किया गया।इस दौरान विभिन्न प्रखंडों के विजेता टीम ने भाग लिया , कार्यक्रम का उद्घाटन जिला क्रीड़ा मंत्री , अमित स्वर्णकार ने किया , तथा आये हुवे अथिति गण का स्वागत माल्यार्पण माला पहना कर किया गया, बता दे कि फुटब०ल, ब०लीब०ल, कब्बडी, पुरुष दौड़ 800 मी , महिला दौड़ 200 मी ऐ सब क्रीड़ा कराया गया। फुटब०ल में विनर के रूप में चर अब्दुल कलाम क्लब गिरिडीह की टीम ने बाजी मारी,तथा रनर में जमुआ क्लब की टीम रही, व०लीब०ल में राजधनवार प्रखण्ड की टीम आदर्श युवा क्लब ने बाजी मारी रनर में स्वामी विवेकानंद क्लब रही ,कब्बडी में माँ शारदे क्लब गोंदलीटाँड (पीरटांड़) ने बाजी मारी, रनर के रूप में आदर्श युवा क्लब राजधनवार रही , महिला दौड़ में प्रथम स्थान– रेखा कुमारी पीरटांड़, 2दक हेमंती कुमारी सदर, 3तक–उर्मिला कुमारी सदर, पुरुष में 1ज – सत्यदेव कुमार ,जमुआ 2दक– अभिषेक पांडेय बिरनी, 3तक– उपेन्द्र साव, बिरनी , सभी विजेता प्रतिभागी एव रनर प्रतिभागी को मैडल एव कप देकर सम्मानित किया गया

## नागरभ्रमण में शामिल हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा प्रखंड़ अंतर्गत बिहारी पंचायत के करमा गांव में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का नगर भ्रमण के कार्यक्रम था जिसमे बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। वहीं मनोज कुमार यादव ने कहा कि वातावरण की शांति के लिए यज्ञ बहुत पुण्य का कार्य है। इससे मन की शांति मिलती है। मौके पर जीप सदस्य बसंत मेहता, यज्ञ समिति अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद मेहता, रंजीत मेहता, गोविंद मेहता, धनेश्वर मेहता, सुनील मेहता एवं उपेंद्र मेहता मौजूद थे।

## कुशवाहा संघ गिरिडीह बैनर तले जनुआ प्रखंडस्तरीय चुनाव सम्पन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**







आज रविवार 13जनवरी 2022को कुशवाहा संघ गिरिडीह के बैनर तले जमुआ प्रखंड स्तरीय सम्मेलन सह पुनर्गठन कार्यक्रम का उत्क्रमित प्रा. थमिक विद्यालय गोविंदा टांड़ परिसर में आयोजित हुआ। आज के इस समारोह की अध्यक्षता महेंद्र वर्मा, निवर्तमान जमुआ पूर्वी कुशवाहा संघ प्रखंड अध्यक्ष ने किया और मंच संचालन कुशवाहा संघ के जिला महामंत्री ओमप्रकाश महतो ने किया। आज के इस समारोह के मुख्य अतिथि दिगंबर प्रसाद दिवाकर कुशवाहा संघ गिरिडीह के जिला उपाध्यक्ष थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष दिगंबर प्रसाद दिवाकर ने कहा कि कुशवाहा संघ की मजबूती ग्रामीण स्तर पर प्रचार प्रसार कर कमिटी गठित कर किया जा सकता है जिसकी शुरूआत हो चुकी है। संघ को संगठित करने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए युवाओं और महिलाओं को आगे आना होगा और संघ में अपनी पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। जिला महामंत्री ओमप्रकाश महतो ने कहा कि समाज में अगर किसी परिवार में बहु की हत्या होती है तो कोई भी उस परिवार में अपनी बेटी का ब्याह न करें तभी बहु हत्या पर विराम लगाया जा सकता है। समारोह को विष्णुनारायण वर्ना मुखिया प्रतिनिधि, दीपक वर्मा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि, उर्मिला देवी मुखिया कुर्हो. बंदो, किरण कुमारी जेएसएलपीस सदस्य, मनोज वर्मा शिक्षक सहीत कई अन्य गणमान्य लोगों ने किया। आज के इस समारोह में सर्वसम्मति से कुशवाहा संघ जमुआ प्रखंड पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष पद पर महेंद्र प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष दुर्योधन प्रसाद वर्मा, मंत्री विष्णुनारायणं वर्मा, मीडिया प्रभारी पंकज कुशवाहा, कोषाध्यक्ष जीवलाल वर्मा महिला प्रमुख रिंकी वर्मा छात्र प्रमुख जितेंद्र कुमार वर्मा किसान प्रमुख बीरेंद्र प्रसाद वर्मा को चूना गया। आज के इस समारोह में विनय कुमार वर्मा, प्रभु वर्मा दुर्योधन वर्मा वीरेंद्र कुमार वर्मा, महेश वर्मा, रंजीत वर्मा, विकास वर्मा, सुधीर वर्मा, जीवलल महतो, योगेश्वर महतो, शांति देवी सहीत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। जमुआ से बजरंगी महतो की रिर्पोट

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers,
Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है।
LIC Micro Insurance
&
Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD
BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard
TATA AIG INSURANCE
Liberty General Insurance
HDFC ERGO
FUTURE GENERALI
digit
care HEALTH INSURANCE
Royal Sundaram General Insurance
Oriental insurance
NEW INDIA ASSURANCE
Chola MS
सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

APEM
LIVE